Bareilly, Saturday,
24 October 2026
BAREILY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 14

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 7 : TOP

रिद्धिमा में तीन दिवसीय थिएटर वर्कशॉप शुरू



एसआरएमएस रिद्धिमा के थिएटर वर्कशॉप में 42 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (23 Oct): एसआरएमएस रिद्धिमा, ए सेंटर ऑफ परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स में शुक्रवार को तीन दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का शुभारंभ हुआ. "Concentration, Imagination, Voice & Speech and Characterization" विषय पर आयोजित कार्यशाला के पहले दिन 42 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. 23 से 25 अक्टूबर तक चलने वाली इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय की बारीकियां सीखने और अपनी रचनात्मक क्षमता निखारने का अवसर मिलेगा.कार्यशाला का संचालन थिएटर आर्टिस्ट एवं डायरेक्टर राघव जोशी कर रहे हैं. उत्तराखंड से संबंध रखने वाले जोशी को थिएटर, लाइव परफॉर्मेंस और अभिनय के क्षेत्र में एक दशक से अधिक का अनुभव है. उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी), वाराणसी से अभिनय का औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है. वह फिल्मों और वेब सीरीज में भी काम कर चुके हैं. कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को एकाग्रता, कल्पनाशीलता, आवाज एवं संवाद अदायगी, चरित्र निर्माण और मंच पर आत्मविश्वास विकसित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा. व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से उन्हें अभिनय और मंचीय प्रस्तुति की तकनीकों से परिचित कराया जाएगा. कार्यशाला के अंतिम दिन प्रतिभागी एक लघु नाट्य प्रस्तुति देंगे.